# आज बहनों के खाते में आएंगे 1541 करोड़

## झाबुआ जिले के पेटलावद में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## 1250 रुपए की ये अंतिम किस्त होगी | 1500 रुपए अगले माह से मिलेंगे

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितंबर शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 28वीं किश्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे.

ये आखिरी किस्त होगी, जिसमें 1250 रुपये दिये जाएंगे, उसके बाद अगले माह दीपावली से पहले बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपये अंतरित किये जाएंगे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे.



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक योजनान्तर्गत पंजीकृत 31 लाख से अधिक बहनों के खातों में 450 रूपये गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे.

**345.34 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण:** मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के 345.34 करोड़ रूपये लागत के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे.

### गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का भी आज शुभारंभ करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 12 सितम्बर को मंदसौर में गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ करेंगे. यह रिट्रीट लल्लूजी एंड संस द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, जो लक्जरी कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है. गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के दौरान पर्यटक टेंट सिटी में हॉट-एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे.

# आशीष सिंह ने संभागायुक्त उज्जैन का पदभार संभाला

## महाकाल, मंगलनाथ, हरसिद्धि, काल भैरव, सिद्धनाथ के साथ ही भगवान चिंतामन गणेश के दर्शन पूजन कर चार्ज लिया

- सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को देंगे गति
- सिंहस्थ मेला अधिकारी का भी निभाएंगे दायित्व



**उज्जैन.** इंदौर कलेक्टर रहे आशीष सिंह ने गुरुवार को उज्जैन संभागायुक्त का चार्ज ले लिया है. उनके उज्जैन आगमन को प्रशासनिक और धार्मिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि वे अब सिंहस्थ मेला 2028 के प्रभारी भी होंगे.

गुरुवार सुबह आशीष सिंह इंदौर से उज्जैन पहुंचे. यहां उन्होंने सर्वप्रथम महाकाल महाराज के दर्शन किए. इसके बाद वे हरसिद्धि, काल भैरव, मंगलनाथ, सिद्धवट और चिंतामन गणेश मंदिर में भी पहुंचे और पूजा-अर्चना की. दर्शन करने के उपरांत उन्होंने संभागायुक्त कार्यालय जाकर पदभार ग्रहण किया. आशीष सिंह ने रिटायर्ड संभागायुक्त संजय गुप्ता की जगह चार्ज संभाला. अभी तक यह जिम्मेदारी अपर आयुक्त रत्नाकर झा के पास थी. चार्ज संभालते ही उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा करने के संकेत दिए.

सिंहस्थ 2028 की बड़ी जिम्मेदारी- अब वे उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के साथ मिलकर शहर के विकास, सुंदरीकरण और सिंहस्थ 2028 की भव्य तैयारियों को नई दिशा देंगे. प्रशासन का मानना है कि उनके अनुभव से शहर को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा.

मेला अधिकारी भी है श्री सिंह- सबसे पहले उज्जैन में नगर निगम अपर आयुक्त के पद पर आशीष सिंह आये थे, उसके बाद तो उन्होंने कभी पीछे पलट कर नहीं देखा. नगर निगम में कमिश्नर बने, फिर उज्जैन कलेक्टर बने, देवास कलेक्टर रहे, भोपाल कलेक्टर रहे, इंदौर में नगर निगम आयुक्त रहे, इंदौर में ही कलेक्टर रहे और अब उज्जैन के संभाग आयुक्त है, साथ ही उनके पास सिंहस्थ मेला अधिकारी का भी दायित्व है.

# बस ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत, दो घायल

## परिजनों ने मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर किया चक्काजाम

- खिमला पावर प्लांट परिसर में हुआ हादसा
- आक्रोशित ग्रामीणों ने बस जलाई, ऑफिस में तोड़फोड़



नवभारत न्यूज

मनासा. रामपुरा के खिमला में निर्माणाधीन पावर प्रोजेक्ट प्लांट परिसर में गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. प्लांट में कार्यरत बस ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में लक्ष्मण पिता रामेश्वर मीणा (35) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोविंद मीणा और अनिल मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायलों को रामपुरा अस्पताल से जिला चिकित्सालय नीमच रेफर किया गया है. युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने प्लांट में जमकर बवाल किया. भीड़ ने बस को आग के हवाले कर दिया और कंपनी के ऑफिस में तोड़फोड़ की. इस दौरान ऑफिस में मौजूद कर्मचारी जान बचाकर भाग निकले. हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया और एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़ गए. परिजनों और ग्रामीणों ने अमरपुरा चौराहे पर गांधीसागर रोड पर चक्काजाम कर दिया, जो सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करीब 9 घंटे चला. चक्काजाम से सैकड़ों वाहन चालक और राहगीर परेशान होते रहे.

### कांग्रेस का समर्थन, प्रशासन मौके पर

चक्काजाम को कांग्रेस नेताओं का समर्थन मिला. मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आर. सागर कछावा, मनीष पोरवाल, मनासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सोनी, रामपुरा ब्लॉक अध्यक्ष राजु गरासिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. इधर, प्रशासन की ओर से तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, समझाइश के बाद और कंपनी द्वारा मृतक को 45 लाख एवं घायलों को 15 हजार मासिक एवं चिकित्सा सहायता की घोषणा पर चक्काजाम खोला गया.

# मुख्यमंत्री के पेटलावद आगमन पर कई अपेक्षाएं

हरीश राठौर

**पेटलावद. पेटलावद में 12 सितम्बर को मुख्यमंत्री मोहन यादव आ रहे है। जिसे लेकर नगर सहित क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मोहन यादव पेटलावद में आ रहे है.**

12 सितम्बर पेटलावद नगर के लिए आज से 10 वर्ष पूर्व एक हादसे के कारण न भूलने वाली तारिख बन चुकी है. वर्ष 2015 में 12 सितम्बर को पेटलावद में ब्लास्ट हुआ था जिसमें 78 लोगों की मृत्यु हुई थी. जिसके बाद आज तक पेटलावद में कई घोषणाएं हुई और वह घोषणाएं केवल घोषणा बन कर रह गई। जिसकी पूर्ती कोई नहीं कर पाया है. आज एक बार पुन: नगरवासियों सहित क्षेत्र वासियों को मुख्यमंत्री के आगमन से कुछ आशाएं जागी है कि पेटलावद क्षेत्र के वास्तविक विकास के लिए मुख्यमंत्री कुछ ऐसी यादगारे देकर जाएंगें जिससे नगर सहित क्षेत्र हमेशा उन्हें याद करेगा. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां पूरी जोर शोर से चल रही है. आज दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री एक बडी सभा को संबोधित करेगें और लाडली बहनों के खातों में राशि का अंतरण भी करेगें.

### क्या चाहिए पेटलावद को?

मुख्यमंत्री जी के आगमन से पेटलावद नगर की मुख्य समस्याएं एक बार पुन: उबर कर सामने आने लगी है, जिसमें मुख्य समस्या सुव्यवस्थित बस स्टेंड, जिसके लिए नागरिकों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से मांग की है और जनप्रतिनिधियों ने अनेकों बार आश्वासन दिया किंतु आज तक बस स्टेंड के नाम पर पेटलावद को कुछ भी नहीं मिला. वहीं दूसरी समस्या नगर के नागरिकों को आज तक एक भी सुव्यवस्थित बालोद्यान या बगीचा नहीं मिल पा रहा है.हर बार इस समस्या पर भी कोई हल नहीं निकला. आज से 24 वर्ष पूर्व 40 लाख रूपये बगीचे निर्माण के लिए आये थे किंतु उनका उपयोग नहीं हो पाया और वह राशि पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. इसके साथ ही ब्लास्ट के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्लास्ट में मृत व्यक्तियों की याद में एक स्मारक बनाने की घोषणा की गई थी. किंतु दस वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कोई स्मारक नहीं बना. वहीं आडिटोरियम, खेल मैदान, पंपावती नदी का गहरीकरण और साज सज्जा सहित अन्य कई समस्याओं से नगर जूझ रहा है।



**जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना ने की सीएम डॉ. यादव से भेंट**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवागत आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की.

**स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड**

SPANDANA

(CIN: L65929TG2003PLC040648)

गैलेक्सी, विंग बी, 16वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 1, एसवाई नंबर 83/1, हैदराबाद नॉलेज सिटी, टीएसआईआईसी, रायदुर्ग पनमकथा, हैदराबाद रंगारेड्डी, तेलंगाना- 500081

**सार्वजनिक सुचना**

**यह आम जनता और विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित करने के लिए है कि हमारे ग्राहकों की सुविधा के लिए कृपया किसी भी सेवा का लाभ उठाने के लिए हमारी वैकल्पिक शाखा से संपर्क करें**

| | |
|---|---|
| 1. पुरानी शाखा बनने वाली शाखा का नाम और पता | मंदसौर-2 (एमपी3102), मकान नंबर:एम II-236, वार्ड नंबर-1, पानी की टंकी के पास, किटियानी कॉलोनी, मंदसौर, मध्य प्रदेश-458001 |
| 2. वैकल्पिक शाखा का नाम और पता (विलय के बाद भी शाखा अस्तित्व में रहेगी) | मंदसौर (MPGL0811), मकान नंबर:126, वार्ड नंबर-37, भूतल एवं प्रथम तल, भागवत नगर, रामटेकरी नालन्दा स्कूल के पास, मंदसौर, मध्य प्रदेश-458002 |
| समापन/विलय की तिथि | 10.09.2025 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरती जा रही है कि ग्राहकों को वैकल्पिक शाखा में स्थानांतरण की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित ग्राहकों के माइक्रोफाइनेंस ऋण खाते निर्बाध रूप से निर्दिष्ट शाखा (अर्थात, क्रमांक 2 में उल्लिखित शाखा) में स्थानांतरित कर दिए जाएँगे। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त परिवर्तनों पर ध्यान दें, जो 10-09-2025 से प्रभावी होंगे। किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर और/या किसी भी कठिनाई की स्थिति में, ग्राहक शाखा प्रबंधक या शाखा या प्रधान कार्यालय के अधिकारियों से **टोल फ्री नंबर 1800-120-5519 / ईमेल आईडी - css@spandansphoorty.com पर संपर्क कर सकते हैं।**

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड

स्थान: मंदसौर-2
दिनांक: 10.09.2025




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**